## Glimpses of the activities of Community Interface

www.himachaldastak.com

# हिमाचल दस्तक

दिल से दिमाग तक

धर्मशाला बुधवार 6 मई, 2020

कुल पृष्ठ-12 | मूल्य ₹4.00 वर्ष 8 अंक 352 | तदनुसार 24 वैसाख, विक्रमी संवत् 2077

## स्काउट एंड गाइड ने बेहतरीन कार्यों से लूटी तारीफ

### 3 अप्रैल से चला रखा है स्काउट फाइट अगेंस्ट कोरोना अभियान

हिमाचल दस्तक। करसोग



**✔ करसोग विवि के 6 रोवर, 8 रेंजर ने लिया भाग**

3 अप्रैल, 2020 को भारत स्काउट एवं गाइड प्रदेश राज्य मुख्यालय ने स्काउट फाइट अगेंस्ट कोरोना नामक एक अभियान की शुरुआत की। जिसके तहत प्रदेश के स्कूलों, महाविद्यालयों तथा ओपन इकाइयों में से 30 इकाइयां दर्ज हुई। रोवर एवं रेंजर इकाई करसोग कॉलेज के 6 रोवर और 8 रेंजर ने रोवर लीडर पंकज गुप्ता और रेंजर लीडर वर्षा शर्मा के मार्गदर्शन में कार्य शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के इलावा विश्व भर के कई स्काउट जुड़े और साथ ही प्रदेश के कई विख्यात कलाकारों ने अभियान की प्रशंसा की और इसमें भाग लिया। एक ओर जहां पूरा देश लॉकडाउन में बंद था, वहीं दूसरी ओर सभी रोवर और रेंजर वर्चुअल मीटिंग करके आपस में जुड़े रहे। राजकीय महाविद्यालय करसोग से रोवर हितेश, धनंजय, लालचंद, करण शर्मा, कमल किशोर व तरुण कपूर और रेंजर्स सिमरन, ज्योति, चेतना, हेमा, रोजी, ज्योति शर्मा, तनूजा ठाकुर व राधिका गुप्ता ने भाग लिया। रोवर एवं रेंजर ने विभिन्न गतिविधियां करके लोगों तक कोरोना से संबंधित जागरूकता का संदेश पहुंचाया और साथ ही लॉक डाउन के समय घर में परिवार वालों के साथ समय किस प्रकार समय व्यतीत किया जाए, इस पर भी बेहतरीन कार्य किया गया। लॉक डाउन के चलते जहां सभी लोग घरों में बंद थे, वहीं रोवर एवं रेंजर ने केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा लॉक डाउन के लिए बनाए गए नियमों का पालन करते हुए सतत विकास लक्ष्यों को मध्य नजर रखते हुए अपने आसपास के क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया। फिर चाहे वह अपने गांव में परंपरागत पेयजल के जल स्रोतों की सफाई हो या फिर छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं में आने वाली परेशानियों का समाधान करना हो। रोवर व रेंजर ने हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया। इन कार्यों के साथ-साथ रोवर व रेंजर में मास्क बैंक के लिए भी सराहनीय कार्य किया। स्काउट फाइट अगेंस्ट कोरोना के अंतर्गत किए गए इन सभी कार्यों की डिजिटल रिपोर्ट प्रधानाचार्य डॉ दीपा शर्मा को दी गई। सहायक प्रोफेसर पंकज गुप्ता ने बताया कि यह सब बच्चों की मेहनत और लगन का ही नतीजा है। इन्होंने लॉक डाउन के समय में भी कोरोना वैश्विक महामारी के खिलाफ स्काउट फाइट अगेंस्ट कोरोना अभियान के अंतर्गत सराहनीय कार्य किया साथ ही यह भी बताया कि पिछले एक साल से यहां महाविद्यालय सतत विकास लक्ष्यों के क्षेत्र में भी कार्य कर रहा है और आने वाले समय में भी इसी प्रकार करता रहेगा।











# करसोग कलेज में रोबर रेंजर ने दी सेवाएं

**कार्यालय संवाददाता-करसोग**

राजकीय महाविद्यालय करसोग के रोवर रेंजर इकाई के द्वारा पोलियों दिवस मे दो बूथों मे अपनी सेवाएं दी। सानना पंचायत में मैडिकल विभाग द्वारा पोलियों बूथ में महाविधालय करसोग यूनिट के योगेंदिर, तरुण, अनुपमा और रोजी ने एक घंटे अपनी सेवा दी। इस दौरान उन्होनें बच्चों की माताओं को स्वच्छ पानी वा स्वच्छता का भी संदेश दिया। दूसरे बूथ सिविल हॉस्पिटल करसोग मे पांच रेंजर निशा, अंजना, मीना, प्रियंका, लता ने दो-दो घंटे की सेवा दी। महाविद्यालय की इस इकाई द्वारा एक नए प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है जो की विश्व स्काउट आंदोलन और यूनाइटेड नेशन के द्वारा निर्धारित सतत विकास के गोल नंबर सिक्स और गोल नंबर चार पर आधारित है। यूनिट के प्रभारी पंकज गुप्ता ने बताया कि परियोजना का नाम एसफॉरएस है जिसका अर्थ है स्काउट्स फॉर सस्टेनेबिलिटी यानी टिकाऊ पर्यावरण के लिए स्काउट है। यूनिट के प्रभारी पंकज गुप्ता ने विद्यार्थियों के द्वारा समाज के लिए किए जा रहे प्रोजेक्ट स्काउट्स फॉर सस्टेनेबिलिटी को एक सराहनीय कदम करार दिया जिसके तहत इस ऐक्शन नंबर पांच में इस कार्य को कार्यान्वित किया गया। कालेज की इकाई विश्व स्काउट आंदोलन व भारत स्काउट्स एंड गाइड शिमला हिमाचल प्रदेश के तत्त्वावधान से इससे संबंधित गतिविधियों मे अपनी भागीदारी सुनिचित करता रहा है, जिनका लक्ष्य आज के समाज को सही दिशा देना रहा है।

CMY




दैनिक भास्कर

हिमाचल 24-02-2022

# स्काउट फाइट अगेंस्ट कोरोना एक्टिविटी के लिए करसोग को मिला बेस्ट कॉलेज का अवॉर्ड, राज्यपाल ने किया सम्मानित

करसोग| वैश्विक महामारी कोविड 19 के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई में विद्यार्थियों ने प्रदेश भर में करसोग महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। हिमाचल में स्काउट फाइट अगेंस्ट कोरोना के लिए आयोजित की गई गतिविधि के लिए करसोग महाविद्यालय को बेस्ट कॉलेज के अवॉर्ड से नवाजा गया है। इसके लिए शिमला स्थित महाविद्यालय कोटशेरा में भारत स्काउट्स एंड गाइड हिमाचल प्रदेश की ओर से विश्व चिंतन दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्काउट फाइट अगेंस्ट कोरोना एक्टिविटी के लिए प्रदेश भर के 56 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जिसमें 18 छात्राओं सहित 20 विद्यार्थी करसोग रोवर-रेंजर इकाई के शामिल थे। प्रदेश भर में महाविद्यालय का नाम ऊंचा करने पर कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर गुलशन महाजन, रोवर लीडर प्रोफेसर पंकज गुप्ता व रेंजर लीडर प्रोफेसर वर्षा वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।



**• इन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित:** स्काउट फाइट अगेंस्ट कोरोना के लिए बेहतर कार्य करने पर रेंजर ज्योति मेहता, रेंजर मीनाक्षी, रेंजर पूनम, रेंजर आरती ठाकुर, रेंजर अमृता मेहता, रेंजर अंकिता शर्मा, रेंजर रश्मि शर्मा, रेंजर निकिता ठाकुर, रेंजर अंजलि भागवत, रेंजर संजीता, रेंजर पिंकी, रेंजर पूजा देवी, रेंजर डिक्सी ठाकुर, रेंजर ज्योति शर्मा, रेंजर इशानी, रोवर हितेश व रोवर सुनील को सम्मानित किया गया।



## करसोग कालेज में 105 यूनिट रक्त जुटाया

करसोग। महाविद्यालय करसोग में आयोजित किए गए पांच दिवसीय राज्य स्तरीय एनएसएस मेगा शिविर के दौरान रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 105 यूनिट रक्त जुटाया गया। गुरुवार को शिविर के तीसरे दिवस का आरंभ प्रभात फेरी एवं योगाभ्यास के साथ हुआ। तत्पश्चात दैनिक प्रार्थना एवं ग्रुप प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से स्वयंसेवकों का परिचय करवाया। गुरुवार को रक्तदान महादान के बैनर तले महाविद्यालय करसोग के परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से आए स्वयंसेवियों एवं स्थानीय महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा रक्तदान किया गया। इस दौरान करसोग कालेज से ममेल बाजार तक आहार अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डा. दीपा शर्मा ने किया।



NBTC

**Health & Family Welfare Department**
Zonal Hospital, Mandi (H.P.)

*Certificate of Honour*

Awarded in recognition of your distinguished service to the suffering humanity & the sincare effort to save a precious life. And in appreciation of your unmatched Social Service rendered by way of Voluntary Blood Donation

**GDC KARSOG**

Blood Bank Officer
Zonal Hospital Mandi (H.P.)

Chief Medical Officer
Distt. Mandi (H.P.)

Join us to Serve a Noble Cause

Date : 15-10-2019

रक्तदान, परिवार कल्याण



दैनिक भास्कर

हिमाचल 02-12-2022

## जोनल हॉस्पिटल मंडी ब्लड बैंक में बहुमूल्य जीवन बचाने के आएगा काम

# करसोग महाविद्यालय में 50 लोगों ने लिया रक्तदान



करसोग महाविद्यालय में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर।

**करसोग|** करसोग महाविद्यालय रक्त रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 छात्रों ने रक्तदान का महादान का पुनीत कार्य किया। शिविर में एकत्रित हुए रक्त को जोनल अस्पताल मंडी के ब्लड बैंक को भेजा गया है। जहां ये ब्लड लोगों के बहुमूल्य जीवन बचाने के काम आएगा। रक्तदान शिविर के लिए जोनल हॉस्पिटल मंडी से ब्लड बैंक की विशेष टीम महाविद्यालय पहुंची थी। रक्तदान शिविर का शुभारंभ एसडीएम सुरेंद्र ठाकुर ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान बहुत बड़ा महादान है। जो अस्पताल में कई जरूरतमंद लोगों की जान बचाने का काम आता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में इस तरह के शिविर आयोजित होंगे।

रक्तदान शिविर में रोवर रेंजर इकाई, नेशनल कैडेट कोर ,राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब ,जूलॉजी सोसाइटी सब्जेक्ट सोसाइटी के छात्रों, क्लब के मेंबर्स सहित प्रो. पंकज गुप्ता व सुपरिंटेंडेंट नंदकिशोर ने भी रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त करसोग बाजार से नितिन गुप्ता व हितेश गुप्ता ने भी महादान किया। महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य डॉ. यमुना शर्मा, प्रो. पंकज गुप्ता, प्रो. प्रेम प्रकाश, प्रो. बीरबल ठाकुर, प्रो. वर्षा वर्मा, प्रो.सोनिया चौधरी, प्रो.लीलाधर, प्रो. डालिम कुमार, प्रो. सोमकृष्ण, सुपरिंटेंडेंट नंदकिशोर, शेर सिंह व टेकचंद उपस्थित रहे। शिविर में एचडीएफसी बैंक की ओर से रक्तदाताओं के लिए जूस और फल फ्रूट वितरित किए गए। एचडीएफसी बैंक की ओर से यूनिट हेड पवन कुमार सहित जितेंद्र कुमार, रूबीन, मुकेश, ओम प्रकाश, धर्मेंद्र व लीलाधर उपस्थित रहे।










## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिए 11000



**करसोग।** करसोग डिग्री कालेज की एनएसएस इकाई ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 11000 रुपये की मदद की है। यह धनराशि कॉलेज छात्र-छात्राओं ने करसोग कालेज और बाजार में एकत्र की थी। इसे मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को शिमला में भेंट किया गया। करसोग कॉलेज के एनएसएस प्रभारी कुलभूषण शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं के इस नेक काम की तारीफ की और कहा कि यह राशि किसी गरीब या मददगार की सहायता के लिए काम आएगी।

# छात्रों को ऑनलाइन–ऑफलाइन पढ़ा रहे एनएसएस के स्वयंसेवी



करसोग। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक ही है नारा 'कोरोना हारा, कोरोना हारा' यह संदेश राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हर मुश्किल के समय में समाज के साथ खड़ी रही है समाज में आने वाली सभी मुसीबतों का सामना डटकर किया हैं । इस महामारी को हराने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हिमाचल प्रदेश के स्वयं सेवी पिछले एक वर्ष से प्रयाद रत हैं। इस वैश्विक महामारी के चलते एनएसएस के स्वयंसेवक एक मिसाल पेश कर रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई करसोग के स्वयंसेवी भी मेरी पाठशाला ज्ञानदान अभियान में सहयोग दें रहे हैं। स्वयंसेवी रीता के द्वारा अपने स्थानीय गांव के बच्चों के साथ यह ज्ञानदान अभियान चलाए जा चुका है। यह अभियान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से चलाया जा रहा है । इसमें कक्षा 11 और 12 के साथ–साथ कक्षा पहली से दस तक के छात्रों को भी पढ़ाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवी कार्यकर्ता रीता का कहना है कि गांव के लोग भी इस कार्य के लिए बहुत सहयोग दे रहे हैं और स्थानीय गांव के लोगों ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हिमाचल प्रदेश का भी आभार प्रकट किया गया है

# एनएसएस का एक ही है नारा 'कोरोना हारा, कोरोना हारा'

हिमाचल दस्तक। करसोग

**राष्ट्रीय** सेवा योजना इकाई हर मुश्किल के समय में समाज के साथ खड़ी रही है समाज में आने वाली सभी मुसीबतों का सामना डट कर किया है। स्वयंसेवियों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी हमेशा निभाई है। हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक स्वयंसेवी ने नॉट मी, बट यू का नाम रखा हैं । स्वयंसेवियों सदैव खुद से पहले दूसरों के लिए सोचा है और हमेशा सोचते रहेंगे। कोरोना महामारी को हराने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हिमाचल प्रदेश के स्वयं सेवी पिछले एक वर्ष से प्रयाद रत हैं। इस वैश्विक महामारी के चलते एनएसएस के स्वयंसेवक एक मिसाल पेश कर रहे हैं। अब स्वयंसेवी सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पौधरोपण, रक्तदान, श्रमदान के साथ-साथ अब ज्ञानदान भी करेंगे। 24 मई 2021 से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हिमाचल प्रदेश के द्वारा मेरी पाठशाला ज्ञानदान अभियान चलाया जा रहा है। कोरोना महामारी के चलते जो छात्रों को शिक्षा का नुकसान हुआ है। उस नुकसान को थोड़ा कम करने का प्रयास एनएसएस इकाई हिमाचल प्रदेश कर रही हैं। स्वयंसेवी रीता के द्वारा अपने स्थानीय गांव के बच्चों के साथ यह ज्ञानदान अभियान चलाए जा चुका है। यह अभियान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से चलाया जा रहा है।


**● मेरी पाठशाला ज्ञानदान अभियान में भी स्वयंसेवी दे रहे सहयोग**









Sr. No.

**SUB-DIVISIONAL MAGISTRATE**

KARSOG, DISTRICT MANDI (HP)

Certificate Of Appreciation

This certificate of appreciation has been awarded to Shri Nikhil Sharma student of Government College, Karsog who, has donated books to 'Apana Pustakalaya' Karsog (Library), under the mission 'Gyanodaya'.

I wish all the success in His future life.

(Om Kant Thakur, IAS)
Sub-Divisional Magistrate-cum-Chairman, Apana Pustakalay,
Karsog, District Mandi (HP)









# रोवर एवं रेंजर यूनिट ने दी सेवाएं

**कार्यालय संवाददाता-करसोग**

राजकीय महाविद्यालय करसोग के रोवर एवं रेंजर यूनिट के द्वारा महामाया चंडी मंदिर सनारली में संपन्न हुए पदम महापुराण के दौरान 3 दिन तक सेवाएं दी गई इस पुनीत कार्य में महाविद्यालय से 32 स्काउट्स ने 4 अक्टूबर से समापन तक लंगर के दौरान सफाई व्यवस्था पानी वितरण मे मंदिर कमेटी का सहयोग किया। महाविद्यालय का यूनिट जो कि भारत स्काउट्स एंड गाइड हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत रजिस्टर्ड है, विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान भी विद्यार्थियों ने आम लोगों के बीच में जाकर स्काउटिंग से लोगों को परिचित करवाया है। विद्यार्थियों ने बताया कि आम जनता ने उनके इस कार्य के लिए शाबाशी दी, इस पुनीत कार्य में रोवर कमलेश, करण वर्मा, कमल किशोर, हितेश, बंटी राम, मेहर सिंह, अमित कुमार, लालचंद, अमीर सिंह, तथा रेंजर्स में ज्योति, सिमरन, हेमा, रोजी, चेतना शर्मा, तनुजा ठाकुर, नेहा, तनुजा, मीनाक्षी, आरती, पूनम, खेम लता, कमलेश, कुमारी मनीषा, निशा, मीनाक्षी, मीनाक्षी कुमारी, मनोज वर्मा, लक्ष्मी, सीता आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यूनिट के समन्वयक प्रोफेसर पंकज गुप्ता ने बताया कि रोवर एवं रेंजर यूनिट के सदस्य अपने स्काउट फॉर सस्टेनेबिलिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत के तहत समय-समय पर सामाजिक कार्यों में भाग लेते रहते हैं कुछ समय पहले ही उन्होंने पौधारोपण तथा कालेज के नजदीक विभिन्न स्थानों से प्लास्टिक का कचरा एकत्रित किया था। दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन भी विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक से मैट्स बनाने की कला का प्रदर्शन किया था और उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी स्काउट्स पर्यावरण को बचाने के लिए अपना योगदान देते रहेंगे।







**“WE can’t help everyone, but everyone can help someone”**









**"Be the light in someone's darknes**s"



दिव्य हिमाचल

4/4

# आयुर्वेद से बवासीर का इलाज

## करसोग में हमीरपुर के डाक्टरों ने लगाया शिविर, 150 रोगियों का स्वास्थ्य जांचा


कार्यालय संवाददाता–करसोग

### 42 रोगियों के किए ऑपरेशन

### आयुर्वेद विभाग और समाजसेवियों को थैंक्स

### सहयोगियों को मिला सम्मान

### इन कारणों से होती है यह बीमार






य हिमाचल

4/4

# कुंभ मेले में बेहतर सेवा से कायम की मिसाल

कार्यालय संवाददाता-करसोग

राजकीय महाविद्यालय करसोग में शिक्षा ले रहे तीन विद्यार्थियों ने प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइड की ओर से हिमाचल का नेतृत्व राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविख्यात प्रयागराज कुंभ मेला सेवा शिविर में पहुंचकर सामाजिक सेवा का कार्य किया, जो दूरदराज क्षेत्र करसोग तथा हिमाचल प्रदेश के लिए भी गौरव की बात है। सबसे बड़ी बात यह है कि राजकीय महाविद्यालय करसोग के तीन विद्यार्थियों को प्रदेश का नेतृत्व भारत स्काउट एंड गाइड के बैनर तले करने के लिए कुंभ मेला में सेवा भावना से काम करने को लेकर भेजा गया, जिसमें वे सफल होकर लौटे हैं। राजकीय महाविद्यालय करसोग के तीन विद्यार्थी जो हिमाचल भारत स्काउट एंड गाइड की तरफ से राष्ट्रीय स्तर पर कुंभ मेले में भेजे गए उन्हें वापस लौटने पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. दीपा शर्मा तथा राजकीय महाविद्यालय करसोग रोवर रेंजर इकाई के प्रभारी पंकज गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया उनका प्रोत्साहन करते हुए शाबाशी दी गई, क्योंकि उन्होंने इस क्षेत्र का नाम तथा प्रदेश का नाम प्रयागराज कुंभ मेले में जाकर सेवा करते हुए ऊंचा किया है। इस बारे राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर दीपा शर्मा रोवर्स एंड रेंजर इकाई प्रभारी पंकज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह 3 विद्यार्थी अनिल कुमार, हेमंत कुमार तथा गिरिराज हैं जो 12 फरवरी से लेकर 21 फरवरी तक प्रयागराज कुंभ मेला में प्रदेश की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करते हुए सेवाएं देने बाद लौटे हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त तीनों छात्र भारत स्काउट एंड गाइड में सक्रिय तथा सेवा भावना से कार्य करते आ रहे हैं जिन्होंने प्रयागराज कुंभ मेला से लौट कर अपने अनुभव को भी सभी विद्यार्थियों के सामने रखा है। बताया गया कि राजकीय महाविद्यालय करसोग से जो तीनों विद्यार्थी कुंभ मेला में गए हुए थे उनकी सेवाएं खोया पाया केंद्र में कार्य किया, श्रद्धालुओं की सहायता के लिए स्नान घाट पर कार्य किया तथा कई स्थानों पर पूरी निष्ठा भावना से आने वाले श्रद्धालुओं को रास्तों की जानकारी भी प्रदान की। बताया गया कि इस दौरान कई रास्ता भूलने वाले लोगों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए इन विद्यार्थियों ने सराहनीय कार्य करते हुए अपना सहयोग दिया। उन्होंने स्वच्छता के लिए भी अपना सहयोग को कुंभ मेले में दिया। तीनों छात्रों ने बताया कि उन्हें रोजाना आठ किलोमीटर अपनी सेवा कार्य के लिए पैदल कुंभ मेला तक पहुंचना होता था स्नान घाट पर भीड़ को नियंत्रण लाने में उन्होंने अपना सहयोग दिया। वृद्ध लोगों की सेवा रास्ता आर पार सड़क पर चलने संबंधी सहयोग किया गया तीनों छात्रों ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में भी बहुत आनंद मिलता है तथा शिक्षा के साथ साथ सभी विद्यार्थियों को सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए. महाविद्यालय प्राचार्य डा. दीपा शर्मा व रोवर रेंजर इकाई प्रभारी पंकज गुप्ता ने कहा कि सभी विद्यार्थियों का सामाजिक गतिविधियों के लिए पूरा प्रोत्साहन किया जा रहा है, ताकि छात्र-छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा का निखार हो सके तथा वह प्रतियोगिता, सामाजिक तौर पर सफलता की ओर बढ़ सकें।







## करसोग में सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

करसोग। राजकीय महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा करसोग में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। यह अभियान एनएसएस प्रभारी कुलभूषण शर्मा प्रोफेसर गुलशन महाजन व इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ तालमेल बनाते हुए सफल बनाया गया। इस बारे एनएसएस कार्यकर्ता रितु वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्य में रिता, अंकिता, ममता, सोमाक्षी, आरती, कल्पना रविकांत, कृष्ण लाल, कुमार सोनू आदि द्वारा सहयोग किया गया। इस मौके पर कार्यकारी थाना प्रभारी मोहन जोशी तथा एमएचसी छज्जू राम भी मौजूद रहे।

**Safety starts with awareness and awareness starts with you**







समझदार मतदाता कौन?
मतदाता जागरूकता अभियान
"Enroll yourself to vote"
लोकतन्त्र के भाग्य विधाता
बनो एक जागरूक मतदाता
(SVEEP)
SUB-DIVISIONAL ELECTION OFFICE KARSOG, DISTRICT MANDI (HP)

RETURNING OFFICER-CUM-
SUB-DIVISIONAL OFFICER (CIVIL)
KARSOG, DISTRICT MANDI (HP)

Surender Thakur, HAS

D.O. No.: KSG/MC-II/(ELN)/2020-21- 585
Dated : 27.01.2021

**LETTER OF APPRECIATION**

*This is to place on record my heartiest appreciation for the hard work, dedication and sincerity displayed by the Rangers and Rovers, Cadets of Govt. Degree College Karsog District Mandi H.P. in the Election process of Panchayati Raj institutions in Karsog Development Block held in January, 2021.*

*I hope you will continue to display the same level of dedication in the future.*

Yours Sincerely,

(Surender Thakur)
Phone: 01907-222236
sdmmanksg@gmail.com

Mr. Pankaj Gupta
Rangers and Rovers Officer
Govt. Degree College
Karsog, District Mandi, H.P.

---

RETURNING OFFICER-CUM-
SUB-DIVISIONAL OFFICER (CIVIL)
KARSOG, DISTRICT MANDI (HP)

Surender Thakur, HAS

D.O. No.: KSG/MC-II/(ELN)/2020-21- 587
Dated : 27.01.2021

**LETTER OF APPRECIATION**

*This is to place on record my heartiest appreciation for the hard work, dedication and sincerity displayed by the NSS Volunteers of Govt. Degree College Karsog District Mandi H.P. in the Election process of Panchayati Raj institutions in Karsog Development Block held in January, 2021.*

*I hope you will continue to display the same level of dedication in the future.*

Yours Sincerely,

(Surender Thakur)
Phone: 01907-222236
sdmmanksg@gmail.com

Dr. Kulbhushan Sharma
Programme Officer
NSS Govt. Degree College
Karsog, District Mandi, H.P.

---

number to make democracy stronger. (9th October to 30th October, 2021)

# करसोग करे शत प्रतिशत मतदान पर नुक्कड़ नाटक

## स्वीप कार्यक्रम के तहत रोवर रेंजर इकाई के छात्रों ने जागरूक किए लोग



कार्यालय संवाददाता – करसोग

शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय के रोवर रेंजर इकाई के छात्रों ने महोग, आश्ला, सराहन, तेबन, कोटलु, गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़-नाटक का मंचन किया, जिसका विषय करसोग करें शत प्रतिशत मतदान था। इस नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि वह आने वाले मंडी लोकसभा उपचुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। क्योंकि भारत के प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करना चाहिए। एक.एक वोट मिलकर ही अच्छे प्रतिनिधि को मंच प्रदान करते हैं एऔर क्षेत्र का विकास संभव हो पाता है इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह भी बताने की कोशिश की यदि हम मताधिकार का दुरुपयोग करके अयोग्य व्यक्ति को जीत दिलवाते हैं एतो उसके क्या क्या परिणाम हो सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग का स्वीप कार्यक्रमए कार्यक्रम मतदाताओं को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी सनी शर्मा के निर्देशानुसार करवाए जा रहे हैं। स्वीप के नोडल अधिकारी प्रोफेसर पंकज गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी नारों के द्वारा भी लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं और इन्हीं कार्यक्रमों का एक ही उद्देश्य है कि मतदाता जागरूक होकर अच्छे राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। पिछले कुछ दिनों में भी राजकीय महाविद्यालय करसोग के रोवर रेंजर इकाई ने करसोग के क्षेत्रों जैसे कि बखरोट, सरही, एमागना, कांची मोड़, सोरही, पराडकलोट आदि गांव के लोगों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया था।











कार्यक्रम

रंगमंडल-भाषा विभाग व अकादमी करवा रही आयोजन, काफी लंबा है रंगमंच का इतिहास

# करसोग कालेज में होगा रंगमंच दिवस

# करसोग कॉलेज से एसडीएम ऑफिस तक निकाली एड्स जागरूकता रैली




**करसोग।** राजकीय महाविद्यालय करसोग में रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, नेशनल कैडेट कोर इकाई, रोवर एंड रेंजर इकाई तथा महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं सभी क्लबों के द्वारा एड्स जागरूकता दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन कॉलेज से एसडीएम ऑफिस तक किया गया। इसमें 370 छात्रों ने भाग लेकर समाज को जागरूक किया। रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स जागरूकता के लिए महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कार्यकारी प्राचार्या यमुना शर्मा रहीं। निर्णायक की भूमिका में डॉ. बीरबल सिंह, डॉ. सावित्री ठाकुर, डॉ. लीलाधर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मनीषा कुमारी प्रथम, अनुराधा द्वितीय अजय कुमार तृतीय स्थान पर रहे। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रियंका शर्मा प्रथम, मनीष कुमार द्वितीय व अंजली कुमारी तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को कार्यकारी प्राचार्या डॉ. यमुना शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया।

# नाटक के माध्यम से नशे पर प्रहार




रिवालसर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मूट शिविर (समागम कार्यक्रम) के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने लघु नाटक के माध्यम से प्रदेश के युवाओं में बढ़ रही नशे की समस्या व उससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता का संदेश दिया। शिविर के मुख्य संचालक ज्योति चरण ने बताया कि आज सबसे पहले सतत विकास लक्ष्यों पर सामूहिक चर्चा-परिचर्चा हुई। उसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का पहला राउंड हुआ। तत्पश्चात लघु नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोपहर बाद वर्ल्ड आर्गनाइजेशन द्वारा चलाई जा रही प्रोजेक्ट मेसैजर्स ऑफ पीस की गतिविधियों को छह अलग-अलग स्टेशनों में संचालित किया गया। इस अवसर पर स्टेट कमिश्नर रेंजर डा. सविता सिंह, स्टेट कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, ज्वाइंट स्टेट सचिव मीनाक्षी, स्टेट कार्यकारिणी सदस्य डा. अश्विनी कुमार शर्मा, एसटीसी रिवालसर देवकी नंदन व विभिन्न महाविद्यालयों के रोवर लीडर्स व रेंजर लीडर्स मौजूद रहे।

Divya Himachal HD

# बढ़ते साइबर क्राइम पर जागरूक करें युवा

## करसोग कालेज में बोलीं डीएसपी गीतांजलि ठाकुर, निजी जानकारियां साझा न करने की अपील

**कार्यालय संवाददाता – करसोग**



साइबर क्राइम के प्रति सभी को सतर्क रहना है जागरूक रहना है। विशेष तौर पर युवा शक्ति स्वयं जागरूक होते हुए समाज के अन्य लोगों को भी इस बारे विस्तारपूर्वक बता कर सहयोग करें ताकि साइबर क्राइम के तौर तरीके जहां हर रोज बदल रहे हैं। वहीं, अनेकों दफा जागरूक किए जाने के बावजूद अनेकों लोग इसके शिकार हो रहे हैं। यह जानकारी डीएसपी करसोग गीतांजलि ठाकुर ने बुधवार को ऑनलाइन सेमिनार आयोजित करते हुए राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक प्रदान की। विद्यार्थियों से इस मौके पर आग्रह किया गया कि वह साइबर क्राइम की परिभाषा को समझें तथा किसी भी अज्ञात व्यक्ति को निजी जानकारियां प्रदान नहीं करें। एनएसएस महाविद्यालय सचिव पूजा ठाकुर ने इसकी पूरी जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय करसोग एनएसएस प्रभारी सोनिया चौधरी के मार्गदर्शन में बुधवार को डीएसपी करसोग द्वारा विद्यार्थियों को अनेकों बहुमूल्य जानकारियां प्रदान की गई हैं, जो उन्हें निश्चित तौर पर साइबर क्राइम से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण सहयोग करेंगी। वर्तमान दौर में एटीएम से ठगी को अंजाम दिया जा रहा है ऑनलाइन शॉपिंग से ठगी हो रही है। सोशल मीडिया पर कई प्रकार के झांसे दिखाकर साइबर क्राइम को अंजाम दिया जा रहा है, जिसमें छात्र छात्राओं को विशेष तौर से बचाव करना है। ऐसे सभी मामलों में अज्ञात लोगों से बच कर रहना है इसी मुद्दे को लेकर बुधवार विद्यार्थियों को हर पहलू से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी तथा उदाहरण भी उनके सामने रखे गए हैं ताकि युवा शक्ति साइबर क्राइम का शिकार होने से बच सके। सोशल मीडिया पर कुछ युवाओं को भी शिकार होना पड़ा है, उसके लिए भी विस्तारपूर्वक सतर्क किया गया है।

## परशुराम जयंती पर भव्य कार्यक्रम

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब में ब्राह्मण सभा पांवटा साहिब की ओर से पांवटा साहिब में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर शिव मंदिर बद्री नगर से भगवान परशुराम चौक तक एवं वापिस शिव मंदिर बद्री नगर तक प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। लोगों द्वारा गायत्री जाप किया गया। इस दौरान जलाभिषेक एवं हवन कार्यक्रम, शिव मंदिर बद्रीपुर के प्रांगण में स्थित भगवान परशुराम जी के मंदिर में आयोजित हुआ।

# एनएसएस कैंप से मिलती है सीख

## करसोग कालेज में मेगा शिविर का समापन, 70 कालेजों से आए 300 छात्रों ने लिया हिस्सा






# भाषण प्रतियोगिता में नवनी रही प्रथम

## करसोग कॉलेज में ग्लोबल वार्मिंग विषय पर हुई प्रतियोगिता

सिटी रिपोर्टर | करसोग

राजकीय महाविद्यालय के सभागार में शाम 2 बजे से 4:30 बजे तक जगदीश चंद्र बोस साइंस सोसायटी ने विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने की। सरस्वती वन्दना के पश्चात 21वीं शताब्दी में विज्ञान और समाज विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ग्लोबल वार्मिंग विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसके साथ कार्यक्रम में ऊर्जा बचाओ विषय पर रंगोली प्रतियोगिता पर्यावरण बचाएं तथा पानी बचाएं विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः नवनी चौहान, तमन्ना व ममता ने प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अर्जित किए। नारा लेखन में दिनेश कुमार, अंजना, देवेन्द्रा शर्मा तथा पोस्टर मेकिंग में नवनी चौहान, प्रदीप, निर्मला ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अर्जित किए। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निखिल व अविनाश, अनुज, सुमेश, यशपाल व विनोद ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अर्जित किए। इस प्रतियोगिताओं के आयोजन में डा. लता, शालिनी, पूजन, गुलशन महाजन, पंकज गुप्ता, रूचिनारंग, कुलभूषण शर्मा, डॉ. प्रेम , डॉ. विनोद शर्मा, आदि ने जजों की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।



करसोग कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करती छात्रा।

आयोजन — कार्यशाला में 100 विद्यार्थियों ने लिया भाग

# करसोग कॉलेज में करियर काउंसिलिंग

हिमाचल दस्तक। करसोग

Divya Himachal

## रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्राओं ने जमाया रंग



करसोग। राजकीय महाविद्यालय करसोग में गुरुवार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य गुलशन महाजन द्वारा मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉक्टर गुलशन महाजन द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉक्टर आबरू गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की । तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम ,लोकनृत्य, भाषण, काव्य, नाटक इत्यादि प्रस्तुत किए गए। डॉक्टर आबरू गुप्ता द्वारा महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण समारोह के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य गुलशन महाजन द्वारा सभी युवाओं को उनके करियर के प्रति जागरूक रहने एवं महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना की ओर जोर देने की बात कही। कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान का गायन करने से हुआ।

## करसोग कॉलेज में महिला दिवस पर प्रतियोगिताएं करवाईं

प्यारे लाल शर्मा, करसोग

महाविद्यालय करसोग में महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गुलशन महाजन ने शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा विविध गतिविधियों में भाग लिया गया। इसमें भाषण प्रतियोगिता, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, एकल गीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाट्य मंचन आदि का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमशः हिमांशु, तनुजा, पूजा रहे। मेहंदी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमशः तोशीन, संजना, रितिका ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पल्लवी, द्वितीय नीतिशा, तृतीय नेहा शर्मा रहीं। नारा लेखन में पहला स्थान अंजना, दूसरा स्थान पल्लवी,तीसरा स्थान सुनीता ठाकुर ने झटका। एकल गीत में शबनम, डिंपल, टीना प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। एकल नृत्य में आस्था, तनुजा पहला, दूसरा, स्थान प्राप्त किया। इसके साथ नाट्य मंचन में इशानी एंड ग्रुप ने पहला और अंकिता एंड ग्रुप ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में ज्योति एंड ग्रुप, प्रिया एंड ग्रुप, मनीषा एंड ग्रुप क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ बीरबल सिंह, प्रो ग्रालिम कुमार और प्रो ऋषभ भारद्वाज ने निभाई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो रुचि नारंग ने की। इसमें छात्रा अध्यक्ष वंदना ने महिला दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ यमुना शर्मा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो पंकज गुप्ता, प्रो राहुल,डॉ विनोद शर्मा, डॉ लीलाधर, प्रो उत्तम, टेक चंद, चेतन, प्रो उत्तम ने विशेष योगदान दिया। महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ सदस्य प्रो शीतल, प्रो विद्या, प्रो वर्षा, डॉ सावित्री, डॉ सुमेधा, डॉ लता, डॉ प्रीति, प्रो रामेश्वरी, प्रो पूनम, प्रो शालिनी ने इस कार्यक्रम में विशेष भूमिका निभाई। मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया एवं वक्तव्य के माध्यम से नारी सम्मान के संदेश दिया।

### भाषण प्रतियोगिता में हिमांशु प्रथम

श्री स्मार्ट नर्सिंग में नवागंतक ...

# स्वतंत्र हिमाचल

26-12-2022 (मंडी) करसोग

swatantrahimachal@gmail.com

## महाविद्यालय करसोग में हुआ महिला प्रकोष्ठ का गठन

**राज ठाकुर/चुराग**

*राजकीय महाविद्यालय करसोग में आज महिला प्रकोष्ठ (वुमेन सेल)का गठन किया गया, जिसमें बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा दुशाली को अध्यक्ष, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा साक्षी को उपाध्यक्ष, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा पलक को सचिव, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा टीना को संयुक्त सचिव बनाया गया है । साथ ही साथ छात्रा प्रिया बीकॉम प्रथम वर्ष, संजीला बीकॉम प्रथम वर्ष, ज्योति बी०ए० तृतीय वर्ष, पूजा शर्मा बी०ए० तृतीय वर्ष, तमन्ना बी०ए० प्रथम वर्ष, मुस्कान शर्मा बी०ए० द्वितीय वर्ष , रितिका बीएससी प्रथम वर्ष, अंजलि बीएससी प्रथम वर्ष का चयन प्रमुख सदस्य के रूप सभी छात्राओं द्वारा मतदान के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० सोनिया चौधरी, प्रो सावित्री, प्रो० रूचि नारंग, प्रो० शालिनी, प्रो० विद्या, प्रो० प्रीति, प्रो० रामेश्वरी तथा अन्य सभी सदस्यों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ।*






GOVT COLLEGE KARSOG
जिला मण्डी (हि.प्र.)-175011

z




राष्ट्रीय सेवा योजना
N.S.S. Unit Govt. College-Karsog
"NOT ME ........ BUT YOU"
NATIONAL SERVICE SCHEME